# खाद के लिए सड़कों पर उतरे किसान

**खास बातें**

- सर्वर डाउन होने से फूटा किसानों का गुस्सा
- किसानों ने अधिकारियों को बताई पीड़ा



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 18 नवम्बर, सिरोंज में सर्वर डाउन होने की समस्या के चलते खाद के लिए परेशान हो रहे किसानों ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया. इस दौरान उन्होंने तहसील मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की. मामले की जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों से चर्चा की. जिसके बाद मामला शांत हो सका.**

क्षेत्र में रवि की फसल को लेकर खेतों में पलेवा और बोवनी की जा रही हैं. इस बीच खाद वितरण व्यवस्था में सर्वर डाउन होने की समस्या से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. सिरोंज वेयरहाउस में मंगलवार को बड़ी तादाद में किसान खाद लेने के लिए पहुंचे थे. लेकिन सर्वर डाउन होने की शिकायत के चलते खाद ना मिल पाने के कारण सुबह से खाद के लिए लाइन में लगे किसानों का गुस्सा फूट पड़ा. उन्होंने तहसील रोड पर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया. किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में मौजूद किसानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. किसानों का आरोप है कि किसान खेतों में पलेवा कर चुका है. तथा फसलों की बोवनी के लिए खाद की जरूरत है. किसानों को समय पर खाद न मिलने से खेत सूख जाएंगे. बीते चार-पांच दिनों में मात्र एक दिन कुछ ही किसानों को खाद मिल सकी है. जबकि वेयरहाउस में खाद भरी पड़ी है. कई बार सर्वर डाउन होने के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है. मंगलवार को भी सर्वर डाउन होने के हालात बने. जिसके कारण किसानों को खाद नहीं मिल सका. इस मौके पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि बीते चार-पांच दिन में मात्र एक दिन कुछ ही किसानों को ही खाद मिल सका है. मंगलवार को भी सर्वर डाउन होने की समस्या के चलते किसानों को खाद नहीं मिल सका. वेयरहाउस खाद से भरे पड़े हैं, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पूर्व में रकवे के अनुसार किसानों को खाद मिल जाता था. लेकिन अब ऑनलाइन सिस्टम के कारण किसान परेशान हो रहे हैं. किसान खेतों में पलेवा कर चुका है और बोवनी के लिए खाद की जरूरत है. समय पर खाद न मिलने से खेत सूख जाएंगे. किसानों की समय पर फसल की बोवनी ना होने पर फसल की पैदावार नहीं होगी. किसान पूर्व में ही प्राकृतिक प्रकोप के कारण फसले बर्बाद होने से परेशान है. ऐसे में खाद न मिलने के कारण रवि की फसले भी प्रभावित हो जावेगी. किसानों की बात सुनने वाला कोई नहीं है. इसके बाद आज किसानों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया है. ऑनलाइन टोकन प्रणाली और सर्वर डाउन रहने की समस्या बनी हुई है. वेयरहाउस में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बावजूद तकनीकी खामियों के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है. किसानों का आरोप है कि प्रशासन तकनीकी खामियों को दूर करने में गंभीरता नहीं दिखा रहा है. बोवनी का समय तेजी से निकल रहा है. और ऐसी स्थिति में खाद उपलब्ध न होने से उनकी फसल तैयारी पर बुरा असर पड़ रहा है. कई किसानों ने बताया कि बार-बार वेयरहाउस का चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है. जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही है. मामले की जानकारी मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर तथा कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ मौके पर पहुंचे. तथा उन्होंने किसानों से चर्चा की. इस मौके पर किसानों ने अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताई. उन्होंने कहा कि सर्वर डाउन है, जिससे मशीन नहीं चल रही है. जिसके कारण किसानों को खाद नहीं मिल रहा है. अधिकारियों की समझाईश के बाद मामला शांत हो सका. वहीं इसके बाद किसानों के टोकन जमा कराये गये.

### सर्वर डाउन होने से वेयरहाउस में खाद होने के बाद भी किसान परेशान

किसानों का कहना है कि गोदामों में पर्याप्त खाद मौजूद होने के बावजूद सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल पा रही. किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों से कहा कि कई दिनों से मशीनें सर्वर डाउन रहने से बंद पड़ी हैं. जिससे किसानों की बोवनी पर सीधा असर पड़ रहा है. पहले रकबे के आधार पर समय पर खाद उपलब्ध हो जाती थी, लेकिन अब पूरा सिस्टम ऑनलाइन होने से किसानों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है. किसानों ने चेतावनी दी कि पलेवा के बाद बोवनी का समय तेजी से निकल रहा है, ऐसे में खाद की कमी खेतों को सूखा छोड़ सकती है.

### इनका कहना है –

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि किसानों के लिए वेयरहाउस में पर्याप्त खाद उपलब्ध है. किसानों को अब एक की जगह दो मशीनों से खाद वितरण कराने के निर्देश दिये गये है. मंगलवार को भी किसानों को देर रात तक खाद उपलब्ध कराई गई है. वही खाद वितरण अधिकारियों की निगरानी में कराया जा रहा है.

## गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का नहीं मिल रहा लाभ

**कमीशनखोरी का चल रहा खेल**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 18 नवम्बर, नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर खुलकर कमीशन खोरी चल रही है.गरीब बस्तियों में सर्व होता है उसमें वास्तविक गरीबों के नाम नहीं जोड़े जाते वर्षों से वह नगर पालिका परिषद कार्यालय के चक्कर लग रहे हैं.फॉर्म भरकर दे रहे हैं.पूरी जानकारी के साथ इसके बाद भी उनका नाम सूची में नहीं जोड़ा जा रहा है.कुछ कर्मचारी खुलेआम पहले पैसा मांगते हैं.इसके बाद नाम जोड़ने पर सहमत होते हैं.**

संबंधित विभाग में बैठे कर्मचारी उनका नाम गायब कर देते हैं.सारे कागज इस तरह की शिकायतें सामने आ रही है.गरीब बस्तियां जिन वार्डों में है वहां प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है.

वार्ड 1, 2, 3 एवं 4 के निवासी वर्षों से कच्चे मकानों में रह रहे हैं.उनकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है.नगर पालिका के अधिकारी कभी मौके पर नहीं पहुंचते यह देखने की इस योजना का लाभ किन लोगों को मिलना चाहिए कौन है इसके हकदार. सब कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है.नगर पालिका परिषद की बैठक में भी यह मुद्दे उठे परंतु किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया. सैकड़ो गरीब रोजाना नगर पालिका के चक्कर लगाते रहते हैं.उनकी सुनवाई नहीं हो रही है लगता ही नहीं है की यह नगर पालिका परिषद का कार्यालय है. नियम कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.वर्षों से कुंडली मारकर बैठे अनेक कर्मचारी नगर पालिका परिषद पर हावी है उनका स्थानांतरण बहुत जरूरी है.इसके साथ जो कर्मचारी भोपाल विदिशा बीना तथा अन्य नगरों से अप डाउन करते हैं.उन पर रोक लगना चाहिए.आधा समय वह अप डाउन करने में ही निकाल देते हैं.इस स्थिति में कामकाज नहीं हो पा रहे हैं.

### सांची विश्वविद्यालय में प्रो . गुप्ता ने संभाला कुलसचिव का दायित्व

नवभारत न्यूज

**सांची,** साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में प्रो. राम निवास गुप्ता ने नए कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया. प्रो. गुप्ता ग्वालियर के पीएम उत्कृष्ठ शासकीय पीजी कॉलेज में गणित के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं. 31 वर्षों का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव रखने वाले प्रो. राम निवास गुप्ता एम.एस.सी(गणित) व एम.फिल हैं.उन्होंने अपनी पीएचडी भी फर्टिलिटी मॉडलिंग में की है.प्रशासनिक रुप से वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नैक समिति की विभिन्न कार्य योजनाओं में नोडल ऑफिसर रहे हैं.

## घर-घर और गली-गली से उठाया जा रहा कचरा

नवभारत न्यूज

**पठारी, स्वच्छ भारत अभियान की पहल अब स्पष्ट दिखाई देने लगी है, सुबह से जैसे ही कचरा गाड़ी की आवाज सुनाई देती है लोग अपने-अपने घरों के सामने कचरा लेकर खड़े हो जाते हैं.स्वच्छ भारत और स्वच्छ मोहल्ला को लेकर लोग सजग दिखाई दे रहे हैं.**

पठारी में स्वच्छता के लिए उठाए गए प्रभावी कदम रंग ला रहे हैं. सरपंच राखी अखिलेश पंथी, सचिव गोविंद सिंह राजपूत तथा रोजगार सहायक मुकेश जैन के संयुक्त प्रयासों से प्रतिदिन हर गली-मोहल्ले से नियमित रूप से कचरा संग्रहण किया जा रहा है.रोज कचरा उठाने से नगर में सफाई व्यवस्था बेहतर बनी हुई है तथा कहीं भी कचरे के ढेर नहीं लगने से ग्रामीणों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल रहा है.ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए पंचायत टीम के प्रयासों की प्रशंसा की है.कुरवाई सीईओ आयुष अग्रवाल ने बताया कि पठारी में कचरा को लेकर कार्य योजना प्रक्रिया में है जिसे जल्दी ही सुचारु किया जाएगा.

### छात्रावास अधीक्षिका शर्मा हुयीं निलंबित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जनजातीय गौरव दिवस पर बासौदा के मानस भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शासकीय समुदाय कल्याण केन्द्र बरेठ के छात्रों को मानस भवन तक लाने ले जाने के कार्यो में लापरवाही बरतने पर अधीक्षिका श्रीमती मनीषा शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक द्वारा जारी किया गया है.जिला संयोजक सुनील मरकाम के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि प्राथमिक शिक्षक प्रभारी अधीक्षिका सामुदायिक कल्याण केन्द्र बरेठ श्रीमती मनीषा शर्मा को निलंबन काल अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो

84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## संस्कार सप्ताह के तहत हुई रन फॉर हेल्थ,नशामुक्ति का दिया संदेश

**सिरोंज में संस्कार सप्ताह के तहत हो रहे आयोजन**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल प्रखंड सिरोंज के कार्यकर्ताओं द्वारा रन फॉर हेल्थ का आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना और स्वस्थ भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा. यह आयोजन देशभर में चलाये जा रहे संस्कार सप्ताह के अंतर्गत किया गया. जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशा मुक्त रहने का संकल्प लिया. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने युवाओं को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को लेकर जागरूक रहने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया. बजरंग दल जिला संयोजक जगदीश शाक्य ने बताया कि देशभर में बजरंग दल के संस्कार सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. बजरंग दल द्वारा प्रखंड सिरोंज में रन फोर्स हेल्थ एवं नशा मुक्ति को लेकर कार्य किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में नशे की समस्या तेजी से बढ़ रही है. कई युवा इसकी चपेट में आ रहे है. नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है. वही नशे के कारण कई परिवार भी बर्बाद हो रहे हैं. नशे के कारण अपराध में भी वृद्धि होती है. इस समस्या से निपटने के लिए हमें युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना होगा और उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना होगा. हम सभी को मिलकर नशा मुक्त देश का निर्माण करना है. इस दौरान कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया. इस अवसर पर विहिप विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना, बजरंग दल जिला संयोजक जगदीश शाक्य, प्रखंड अध्यक्ष अनिल राठौड़, प्रखंड उपाध्यक्ष अविनाश अग्रवाल, प्रखंड मंत्री तुलसी नारायण शाक्य, प्रखंड सह मंत्री अशोक साहू, प्रखंड संयोजक रोहित यादव, प्रखंड सहसंयोजक नितेश गोस्वामी, गुलाब सिंह कुशवाह, जगदीश महवा, अनिल कुशवाह, नरेंद्र नामदेव, दिनेश सेन आदि मौजूद रहे.

## सांसद खेल महोत्सव में महिलाओं ने खेलों का उठाया आनंद



नवभारत न्यूज

**सांची,** सांची समीपस्थ ग्राम पंचायत गुलगांव में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन के प्रांगण में खेलों का आयोजन किया गया ।जिसमे कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पर विजेता अफरोज वी ,उपविजेता पुष्पा बाई रही, रस्सा कस्सी में अफरोज वी एवं प्रतिज्ञा अहिरवार की टीम वेजेता रही,उपविजेता पपिया बाई की टीम रही,नींबू दौड़ में कु.संगीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं दूसरे स्थान पर कु. पूनम रही सभी विजेता ओर उपविजेताओं को निर्णायक कमेटी के द्वारा नगद पुरुष्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी (जनपद सदस्य प्रतिनिधि) रामबाबू सराठे के के द्वारा की गई इस अवसर पर उपसरपंच रामलाल मोगिया, सचिव मुकेश कुमार, सहायक सचिव फैजान खान, प्राचार्य इंदु मैडम, बाबू लाल अहिरवार, प्रह्लाद सिंह,प्रीति राय, विमला शर्मा,संजू काकोडिया,मनीषा जायसवाल, कमल सिंह,मथुरा प्रसाद, ज्योति श्रीवास्तव, प्रतीक्षा दुवे आदि उपस्थित रहे.

## मतदान केंद्रों पर जाकर एसआईआर प्रक्रिया का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का मंगलवार को नगरीय क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर जाकर सिरोंज के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने जायजा लिया. उन्होंने शहरी क्षेत्र में बनाये गये वार्ड एक, दो के मतदान केंद्र पर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने बीएलओ को कार्य में गति लाने एवं प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी कार्यालय को देने के निर्देश दिये. उन्होंने बीएलओ से मतदाताओं को आ रही समस्याओं के भी निदान करने एवं स्पष्ट जानकारी देने के निर्देश दिये. इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से भी चर्चा कर जानकारी ली. इस अवसर पर स्थानीय अधिकारी एवं बीएलओ आदि मौजूद रहे.

### 730 बच्चों ने दी ओलम्पियाड परीक्षा

नवभारत न्यूज

**पठारी,** जन शिक्षा केंद्र स्तर पर कक्षा 2 से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओलम्पियाड परीक्षा में कुल 730 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें नई परीक्षा पद्धति का अनुभव कराना था.संकुल प्राचार्य चंद्रेश यादव एवं प्रकाश रिक्षारिया ने बताया कि पहली बार बच्चों ने ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा दी.

**आयोजन** | नौलखी में 11 दिवसीय अनुष्ठान की पूर्णाहुति, शिवालय निर्माण में यजमानों का संकल्प

## शिवालय निर्माण अविनाशी पुण्य, जो देवताओं को भी दुर्लभ



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, शिवालय निर्माण वह पुण्य है जो देवताओं को भी दुर्लभ है. जो राजा या भक्त शिव मंदिर बनवाता है, वह केवल निर्माणकर्ता नहीं, बल्कि धर्म का वाहक माना जाता है. स्कंद पुराण के अनुसार शिवालय निर्माण करने वाला जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्त होकर शिवधाम को प्राप्त होता है. महापुराण के कोटि-रुद्र संहिता में मंदिर निर्माण को अविनाशी पुण्य माना गया है और बताया गया है कि शिव स्वयं मंदिर निर्माता के कुल की रक्षा करते हैं.**

ग्रंथों में यह भी उल्लेख मिलता है कि मंदिर निर्माण में लगाया गया प्रत्येक पत्थर, प्रत्येक ईंट और प्रत्येक अंश व्यक्ति को अनंत पुण्य प्रदान करता है. शिव महापुराण में शिवालय निर्माण वह साधना है जिसे स्वयं शिव स्वीकार करते हैं.इससे बड़ा कोई यज्ञ नहीं, इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं, इससे पवित्र कोई तप नहीं.यह बात आचार्य पंडित केशव गुरु जी ने पुराणों, शास्त्रों में वर्णित शिवालय निर्माण की महिमा पर प्रकाश डाला. अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर शिवालय निर्माण में यजमान भानु सिंह ठाकुर विशनपुर ने 5 लाख रूपये देने की घोषणा की. वहीं पाँच अन्य यजमानों ने गुप्त दान रूप में एक लाख रुपए देने की घोषणा की.

मालूम हो कि वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर भव्य शिवलोक निर्माण की आधारशिला के लिए नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य में विजय हनुमान मंदिर पर 11 दिवस से चल रहे भगवान नर्मदेश्वर महादेव के दिव्य अनुष्ठान और सवा लाख कनकधारा स्त्रोत की पूर्णाहुति मंगलवार को हुई.

शिव चतुर्दशी पर पूर्णाहुति महा अभिषेक में भगवान नर्मदेश्वर महादेव का पूजन यजमान नगेंद्र उपाध्याय, विकास नरेश गुप्ता, प्रमोद माहेश्वरी, महेंद्र सिंह राजपूत जाठौदा, नौरंग राजपूत, भानु सिंह ठाकुर विशनपुर, शैलेंद्र रघुवंशी तिलातिली, डॉ कमलेश रघुवंशी एवं अजय सिंह रघुवंशी तिलाखेजड़ा, रानू रघुवंशी मूडरा ने महंतजी के साथ भक्ति भाव से पूरे अनुष्ठान में सहभागिता की.इस अवसर पर पंडित शास्त्री ने बताया कि लिंग पुराण उद्घोष करता है जो शिव मंदिर बनवाता है, वह न यमलोक देखता है, ना उसे पाप का स्पर्श होता है. वह शिव की गोद में, शिवधाम में, शिव प्रकाश में प्रवेश करता है। सनातन परंपरा का यह अद्भुत तेज आज भी उतना ही प्रखर है, जितना युगों पहले महाराजा और धर्मरक्षक राजाओं के शासन में था, जब वे अपने सामर्थ्य का प्रथम उपयोग शिव मंदिर निर्माण में करते थे. इंदौर की शासक अहिल्या देवी अहिल्याबाई ने भी काशी, सोमनाथ, ओंकारेश्वर, नासिक, बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे कई अन्य स्थानों पर भी शिव मंदिरों का निर्माण और पुनर्निर्माण कराया.उदयपुर में 10वीं शताब्दी में परमार वंश के राजाओं द्वारा बनाया गया नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर इसका प्रमाण है यह मंदिर आज भी धर्मनिष्ठा की सजीव परिक्रमा बनकर खड़ा हैं.


